सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **232**
16/03/2026

राज्यपाल ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का परिभ्रमण किया

पटना 16 मार्च, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल श्री सय्यद अता हसनैन (से०नि०) ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय का परिभ्रमण किया तथा बिहार में आपदा प्रबंधन एवं आपदा जोखिम को कम करने हेतु किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं प्राधिकरण के कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार एक आपदा प्रवण राज्य है और यहाँ आपदा जोखिम को कम करने हेतु अनेक उपाय किये गये हैं। उन्होंने कहा कि आपदा जोखिम को कम करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री का 10 सूत्री एजेंडा विकास के हर पहलु में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केन्द्रित है और इसे पूरी दुनिया में अपनाया जा रहा है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आपदा प्रबंधन एक सामाजिक उत्तरदायित्व है। इसके लिए जागरूकता आवश्यक है तथा बच्चों को इसके बारे में बताया जाना चाहिए। उन्होंने वज्रपात एवं बाढ़ जैसी आपदाओं से बचाव के संबंध में किये जा रहे उपायों के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के नये वेबसाईट का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ० उदय कान्त एवं पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सदस्यगण एवं पदाधिकारीगण, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविन्द कुमार चौधरी, बिहार गृहरक्षा वाहिनी एवं अग्निशाम सेवाएँ की महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा श्रीमती शोभा ओहटकर, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह एवं अन्य पदाधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....